सत्याग्रह लाइव
SATYAGRAH LIVE



इंदौर

# साहित्य अकादमी एवं सिंधी साहित्य सागर द्वारा इंदौर में नारी चेतना कार्यक्रम संपन्न

साहित्य अकादमी एवं सिंधी साहित्य सागर




साहित्य अकादमी एवं सिंधी साहित्य सागर द्वारा इंदौर में नारी चेतना कार्यक्रम संपन्न

इंदौर। साहित्य अकादमी एवं सिंधी साहित्य सागर द्वारा इंदौर में नारी चेतना का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

साहित्य अकादमी नई दिल्ली तथा सिंधी साहित्य सागर इंदौर के सहयोग तत्वाधान में प्रीतम दास सभागृह सिंधी कॉलोनी इंदौर में साहित्यिक प्रोग्राम नारी चेतना संपन्न हुआ । नारी चेतना साहित्य अकादमी के कार्यक्रमों की श्रृंखला है जिसमें नारी साहित्यकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का अवसर दिया जाता है । सिंधी साहित्य सागर की उपाध्यक्ष भारती खटवानी ने संस्था की जानकारी देते हुए कहा प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ विनोद आसुदानी के मार्गदर्शन में सिंधी साहित्य सागर के प्रचार प्रसार हेतु निरंतर कार्यशील है। आयोजित गोष्ठी में लेखिका काजल पंजवानी ने दो कहानियां प्रस्तुत की सिंधी साहित्य सागर की अध्यक्ष जानी-मानी कवित्री किरण परियानी अनमोल ने अपनी गजलों से श्रोताओं का दिल जीत लिया ।

संस्था की सचिव कमला राजानी , नादिया मसंद, विनीता मोटलानी ने भी अपनी-अपनी रचनाएं पेश की। साहित्य अकादमी की सिंधी सलाहकार मंडल की सदस्य रशमी रामानी ने गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा इंदौर नगरी के लिए यह गर्व की बात है की पहली बार नारी चेतना सिंधी भाषा में इंदौर में संपन्न हो रहा है । इस अवसर पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत की । किरण परयानी ने "अनमोल" अपने खास साहित्यिक अंदाज में कार्यक्रम का रोचक संचालन किया । सचिव कमला राजानी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार माना ।इस अवसर पर साहित्य प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे । जिस में पार्षद कंचन गिदवानी, डॉक्टर रेनू जयसिंघानी मनीष देवनानी, संजय वर्मा, मंशाराम राजानी, नंदलाल कथूरिया ,गोपाल दास परयानी, डॉक्टर दिलीप भावनानी, लालचंद टी वाधवानी, अनिल फतेहचंदानी, रवि खटवानी हरीश शेवानी, लालचंद परियानी, नम्रता विरवानी सुनीता, नवलानी काजल वासवानी ,जय पंजवांनी कोमल रिझवानी ,निर्मला राजानी ,राजकुमारी पंजवानी, हेमा मंदवानी, करिश्मा पाहुजा , मनिषा राय सिंघानी आदि उपस्थित थे